कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांकः– 1502/ FP/UK/ROAD/146873/2021 दिनॉकःदेहरादून 15 दिसम्बर, 2021.

सेवा में,

वन संरक्षक,
यमुना वृत्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय– जनपद–देहरादून में विधानसभा विकासनगर के ग्राम हरिपुर से मुख्य मार्ग जू0हा0 की ओर सड़क के निर्माण हेतु 0.1134 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भ–आपकी पत्र संख्या–1083 / 12–1(1) दिनांक 03.12.2021.

महोदय,

इस कार्यालय की पत्र संख्या 288/FP/UK/ROAD/146873/2021 दिनांक 29.07.2021 (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा विषयांकित प्रस्ताव में कतिपय अपूर्णताओं के निराकरण हेतु लिखा गया था। आपके उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध कराये गये विषयांकित प्रस्ताव की हार्ड प्रतियों के परीक्षणोपरान्त पाया गया है कि इस कार्यालय द्वारा इंगित अपूर्णताओं का पूर्ण रूप से निराकरण किये बिना ही प्रस्ताव पुनः इस कार्यालय को प्रेषित कर दिया है। यह स्थिति उचित नहीं है। कृपया सुनिश्चित किया जाय कि प्रस्ताव के भली–भांति परीक्षणोपरान्त ही परिपूर्ण प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया जाय।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

संख्या :– / FP/UK/ROAD/146873/2021 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग, ~~अल्मोड़ा~~। ~~[illegible]~~।
2. अधिशासी अभियन्ता, अस्थायी खण्ड, लो0नि0वि0, सहिया।

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांकः– 288 /FP/UK/ROAD/140644/2021 दिनांकःदेहरादून 29 जुलाई, 2021.

सेवा में,

वन संरक्षक,
यमुना वृत्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय– जनपद–देहरादून में विधानसभा विकासनगर के ग्राम हरीपुर से मुख्य मार्ग जू0हा0 स्कूल की ओर सड़क के निर्माण हेतु 0.1134 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन किये जाने जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग, चकराता की पत्र संख्या 75/12–1 दिनांक 07–07–2021 (प्रति संलग्न).

महोदय,

प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग, चकराता के उपर्युक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव की हार्ड प्रतियाँ सीधे इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रस्ताव पर प्रभागीय वनाधिकारी के स्तर से भरे जाने वाले ऑनलाईन पार्ट 2 में कोई प्रविष्टि नहीं की गयी है। ऑनलाईन पार्ट 2 भरे बिना ही प्रस्ताव की हार्ड प्रति सीधे इस कार्यालय को प्रेषित किया जाना उचित नहीं है। इस परिपेक्ष में इस कार्यालय के पत्रांक 127/1जी–5055 दिनांक 12–07–2021 के द्वारा समस्त वन संरक्षकों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये जा चुके हैं। प्रस्ताव का गहन परीक्षण करने पर पश्चात कतिपय अपूर्णताऐं दृष्टिगोचर हो रहीं हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

1. प्रस्ताव की हार्ड प्रति में संलग्न संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा स्वीकृत 0.825 किमी0 लम्बाई में से 0.39 किमी0 पूर्व में ही निर्मित है तथा शेष 0.435 किमी0 लम्बाई में वन विभाग की भूमि में 3.60 मी0 चौडाई में ट्रैक बना हुआ है। स्पष्ट किया जाय कि क्या उक्त पूर्व निर्मित मार्ग हेतु क्या वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत अनुमति प्राप्त की गयी है। यदि प्राप्त की गयी है तो स्वीकृति के आदेश की सत्यापित प्रति प्रस्ताव में संलग्न किया जाय।

2. प्रस्ताव में भू–वैज्ञानिक की रिपोर्ट संलग्न नहीं की गयी है।

3. प्रस्ताव में वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लधंन न किये जाने का प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं की गयी है।

4. प्रस्ताव में संलग्न भाग–2 के बिन्दु संख्या 7-VI में हरियाली का धनत्व अंकित नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर कटिंग की गयी है जिसे हस्ताक्षरित नहीं किया गया है।

अतः प्रस्तावक विभाग अपने किसी प्रतिनिधि को भेजकर उपरोक्त प्रस्ताव की हार्ड प्रतियाँ वापस प्राप्त कर लेवें एवं अपूर्णताओं का पूर्ण निराकरण कर प्रभागीय वनाधिकारी/वन संरक्षक के माध्यम से परिपूर्ण प्रस्ताव तीन प्रतियों में (मूल प्रति सहित) इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

संलग्नःयथोपरि।

भवदीय,

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

संख्या :– 288 / FP/UK/ROAD/140644/2021 तददिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग, चकराता।
2. अधिशासी अभियन्ता, अस्थायी खण्ड, लो0नि0वि0, सहिया।

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।